## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए आज शाम समाप्त होगा चुनाव प्रचार, चुनावी मैदान में छह सौ तिरासी उम्मीदवार।
- पहले दौर के प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ सभाएं, आरोप– प्रत्यारोप जारी।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झामुमो, कांग्रेस और राजद पर कुशासन को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, कार्यकर्ताओं से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान।
- पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का काम हुआ शुरू, 225 बूथों पर हेलीकॉप्टर से भेजे जा रहे मतदानकर्मी ।

***********************

राज्य में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि पहले चरण में जहां शाम पांच बजे तक मतदान होना है, वहां के लिए शाम पांच बजे और जहां शाम चार बजे तक मतदान का समय है वहां चुनाव प्रचार 48 घंटे पहले चार बजे थम जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे मतदान के लिए मतदाता पर्ची जरूर लेकर जाएं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वोटर आइडी कार्ड नहीं रहने पर 12 तरह के मान्य अन्य पहचान के दस्तावेजों से मतदाता की पहचान के बाद मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

***********************

13 नवंबर को पहले चरण के चुनाव में 43 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में कुल छह सौ तिरासी उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में 15 हजार तीन सौ चौवालीस मतदान केन्द्रों पर एक करोड़ 36 लाख 85 हजार से अधिक वोटर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। 20 नवंबर को 38 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान होगा। जबकि वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

***********************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन आज एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों की धुंआधार सभाएं हो रही हैं। अपने – अपने दलों के उम्मीदवारों की जीत के लिए तमाम राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने अपनी ताकत झोंक दी है । भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सरायकेला , सिमडेगा और तमाड़ में जनसभा करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे पांकी और छतरपुर विधानसभा में दो चुनावी सभा करेंगे। झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हुसैनाबाद के बाद सरायकेला, ईचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्रों के चार स्थानों पर चुनावी रैली करेंगे। इनके अलावा पहले चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य स्टार प्रचारकों ने भी चुनावी प्रचार की कमान संभाल रखी है।

***********************

चुनावी सभाओं में आरोप– प्रत्यारोप का दौर भी जारी है । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केन्द्र सरकार पर झारखंड की उपेक्षा का आरोप लगाया है। चक्रधरपुर की चुनावी सभा में महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष चुनावी सभा में उन्होंने केन्द्र पर कई जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया।

प्रदेश भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने मुख्यमंत्री के आरोपों पर पलटवार किया है । गढ़वा में जनसभा में उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन बंद कर उस पैसे से मंईयां सम्मान योजना लायी है।

***********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

***********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झामुमो, कांग्रेस और राजद पर कुशासन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है । वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के कार्यकर्ताओं से संवाद में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया

***********************

पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का काम शुरू हो गया है। राज्य के पांच जिलों पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में 225 बूथों पर हेलीकॉप्टर से मतदानकर्मी भेजे जा रहे हैं।

***********************

विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सिमडेगा जिले में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

***********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी कोडरमा जिले की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है।

***********************